दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा–मद्रास
मई –2009
समय : 10 बजे से 1 बजे तक

दिनांक : 09/05/09

**उच्च शिक्षा और शोध संस्थान**
दूरस्थ शिक्षा निदेशालय
बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा
विषय : हिंदी (अनिवार्य) प्रश्न पत्र:2
शीर्षक : **सामान्य भाषा विज्ञान और हिंदी भाषा की संरचना**

समय : 3 घंटे                                                                 पूर्णांक : 75

***I.*** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *तीन* के उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखिए :**     ***3x10=30***

(क) भाषा की परिभाषा देते हुए उस परिभाषा की व्याख्या कीजिए ।
(ख) भाषाविज्ञान के साथ अन्य शास्त्रों के संबंधों पर प्रकाश डालिए ।
(ग) ध्वनि किसे कहते हैं ?स्थान के आधार पर हिन्दी के व्यंजन ध्वनियों की चर्चा कीजिए ।
(घ) उच्चरित और लिखित भाषा की विशेषताओं की तुलना कीजिए ।
(च) हिंदी वाक्यों के प्रमुख प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइए ।
(छ) हिंदी के शब्द समूह पर एक लेख लिखिए ।

***II*** . **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *पाँच* के उत्तर लगभग 250 शब्दों में लिखिए:**     5x6=30
(क) भाषा के मानक रूप की अनिवार्यता पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।
(ख) हिंदी के उपसर्गों को उदाहरण सहित समझाइए ।
(ग) अर्थ की प्रतीति क्या है ? इसके प्रकारों को समझाइए ।
(घ) उन्नीसवीं सदी के बाद खड़ीबोली के विकास पर संक्षिप्त लेख लिखिए ।
(च) अवधी बोली की रूप संबंधी विशेषताएँ बताइए ।
(छ) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता को तर्क द्वारा प्रमाणित कीजिए ।
(ज) आज के कंप्यूटर युग में देवनागरी लिपि की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

III. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए :                    3x5=15
(क) विरोधवाची संबंध बोधक प्रत्यय
(ख) विदेशी शब्द
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) अर्थोत्कर्ष
(च) हिंदी भाषा का मध्य काल

www.StudyGuideIndia.com